

# 25 जुलाई से हर 15 मिनट में मिलेगी मेट्रो

**09** बजे सुबह सुभाषनगर से एम्स के लिए होगी रवाना

**50** कुल ट्रिप रहेंगे रोज दोनों दिशाओं को मिलाकर



नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 23 जुलाई. कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी द्वारा सुभाष नगर से एम्स स्टेशन तक दोनों ट्रैक पर सिग्नलिंग प्रणाली सहित नियमित मेट्रो संचालन के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है.**

अब 25 जुलाई से मेट्रो की नई समय-सारणी लागू की जा रही है, जिसके अंतर्गत यात्रियों को हर 15 मिनट के अंतराल पर मेट्रो ट्रेन मिलेगी. नई सिग्नलिंग प्रणाली के पूर्ण संचालन के साथ अब सुभाष नगर तथा एम्स स्टेशन के मध्य दोनों ट्रैक पर नियमित संचालन हो सकेगा. इससे मेट्रो सेवाएं अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित एवं समयबद्ध होंगी. राजधानी के सार्वजनिक परिवहन को और अधिक आधुनिक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाने की दिशा में मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है.

## 25 जुलाई से लागू होगी नई समय-सारणी

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 25 जुलाई से मेट्रो की नई समय-सारणी लागू की जा रही है. नई व्यवस्था के अनुसार पीक आवर्स में यात्रियों को हर 15 मिनट तथा अन्य समय में हर 30 मिनट के अंतराल पर मेट्रो सेवा उपलब्ध होगी.

### नई समय-सारणी एक नजर में

- पहली मेट्रो सुभाष नगर से एम्स के लिए सुबह 9 बजे रवाना होगी. वापसी में एम्स से सुभाष नगर सुबह 9 :30 बजे.
- अंतिम मेट्रो ट्रेन सुभाष नगर से एम्स शाम 6 :30 बजे एवं एम्स से सुभाष नगर शाम 7 :00 बजे तक रहेगा. बीच में पीक ऑवर्स सुबह 9 से 10 :30 बजे एवं शाम 5 :30 से 7 :00 बजे तक में सेवा हर 15 मिनट में मेट्रो अन्य समय हर 30 मिनट में मेट्रो का संचालन होगा.प्रतिदिन दोनों दिशाओं को मिलाकर 50 कुल ट्रिप रहेंगे. नई समय-सारणी के लागू होने से यात्रियों को कम समय के अंतराल में मेट्रो सेवा उपलब्ध होगी. जिसका विशेष रूप से कार्यालय आने-जाने वाले यात्रियों, विद्यार्थियों तथा दैनिक यात्रियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा.



# राजधानी की सड़कों पर आवारा मवेशियों से बढ़ा हादसों का खतरा

## 1 साल में पशुओं से जुड़े 80 सड़क हादसों में 23 लोगों की मौत

प्रांजुल पाण्डेय

**भोपाल, 23 जुलाई. राजधानी में आवारा मवेशियों की बढ़ती संख्या अब सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन गई है. पहले शहर के बाहरी इलाकों तक सीमित रहने वाली यह समस्या अब प्रमुख बाजारों, कॉलोनियों और व्यस्त सड़कों तक पहुंच गई है.**



मानसून के दौरान बारिश में सड़कों पर बैठे या झुंड में घूमते मवेशियों के कारण ट्रैफिक जाम, दुर्घटनाएं और जानलेवा हादसों का खतरा लगातार बढ़ रहा है. रात के समय कम दृश्यता होने से वाहन चालकों के लिए इन्हें समय पर देख पाना मुश्किल हो जाता है. भोपाल में जुलाई 2025 से अभी तक पशुओं के कारण हुई 80 से अधिक सड़क हादसों में करीब 23 लोगों की मौत हो चुकी है.करीब 125 लोग घायल हुए हैं. मध्यप्रदेश में जुलाई 2025 से अब तक आवारा और घरेलू पशुओं से जुड़े 237 सड़क हादसे दर्ज किए गए हैं, जिनमें 100 लोगों की मौत हुई. नगर निगम के अनुसार, भोपाल में करीब 11 हजार आवारा मवेशी हैं. निगम को हर महीने 250 से 300 शिकायतें प्राप्त होती हैं. विशेष अभियान के तहत जून में 165 आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस और गौशालाओं में भेजा गया था. यह अभियान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चलाया जा रहा है.

### इनका कहना है

महापौर मालती राय ने कहा कि पकड़े गए मवेशियों को कांजी हाउस और गौशालाओं में भेजा जा रहा है तथा यह अभियान लगातार जारी रहेगा.

# एमबीबीएस इंटर्न ने निकाली पदयात्रा

- चिकित्सा छात्रों ने शासन के खिलाफ खोला मोर्चा
- स्टाइपेंड 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार करें



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 23 जुलाई. प्रदेश में एमबीबीएस इंटर्नशिप स्टाइपेंड में वृद्धि की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर चिकित्सा छात्रों ने गुरुवार को एक बार फिर सड़कों पर उतर प्रदर्शन किया. कई बार ज्ञापन सौंपने के बावजूद शासन स्तर पर कोई ठोस निर्णय न होने के विरोध में वॉइस ऑफ इंटर्न, मप्र के बैनर तले एमबीबीएस इंटर्न ने राजधानी में पदयात्रा निकाली.**

बता दें यह पदयात्रा हमीदिया अस्पताल के गेट क्रमांक-2 से प्रारंभ होकर कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची, जिसमें बड़ी संख्या में मेडिकल छात्रों और इंटर्न ने हिस्सा लिया.इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों ने बताया कि वे पिछले कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रहे हैं. जिसको लेकर प्रतिनिधिमंडल ने राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री तक लिखित आवेदन और ज्ञापन सौंपे, लेकिन छात्रों के हित में कोई कोई भी आवश्यक कदम नहीं उठाया गया. जिसके कारण उन्हें अब आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है. वहीं प्रतिनिधियों ने बताया कि यह लड़ाई केवल वर्तमान इंटर्न की नहीं, बल्कि भविष्य में इंटर्न बनने वाले हर एमबीबीएस छात्र के हक की है. छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शासन-प्रशासन ने उनकी जायज मांगों पर जल्द ही कोई सकारात्मक और लिखित निर्णय नहीं लिया, तो इस आंदोलन को प्रदेश स्तर पर और अधिक व्यापक बनाया जाएगा.इस कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाले किसी भी असर की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी.

### छात्रों की ये हैं मांगें

- वर्तमान में मिल रहे 14 हजार 337 रुपये के स्टाइपेंड को बढ़ाकर 30 हजार किया जाए.
- मेडिकल शिक्षा व्यवस्था में स्टाइपेंड की विसंगतियों को दूर कर स्थायी और न्यायपूर्ण व्यवस्था लागू की जाए.

# साइबर ठगों ने डॉक्टर का वॉट्सएप किया हैक

**संत नगर, 23 जुलाई.** उपनगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. टीके ज्ञानचंदानी साइबर ठगी का शिकार हो गए. साइबर अपराधियों ने उनका मोबाइल नंबर और वॉट्सएप अकाउंट हैक कर उनके नाम से परिचितों को संदेश भेजकर पैसों की मांग शुरू कर दी. इस मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई गई है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अकाउंट हैक करने वाले आरोपियों की तलाश की जा रही है. डॉ. ज्ञानचंदानी ने लोगों से अपील की है कि यदि उनके नाम से वॉट्सएप, फेसबुक या किसी अन्य सोशल मीडिया माध्यम से पैसे मांगने का संदेश प्राप्त हो तो उस पर विश्वास न करें और किसी भी प्रकार की धनराशि ट्रांसफर न करें.

# पति ने की पीट-पीट कर पत्नी की हत्या

## पुलिस ने आरोपी को लिया हिरासत में

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 जुलाई. हबीबगंज इलाके में कथित पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने हिरासत में लिया है. आपसी विवाद के चलते आरोपी पति ने पीट-पीटकर पत्नी की जान ले ली.**



जानकारी के मुताबिक आरोपी रामप्रसाद उर्फ बबलू अहिरवार अपनी कथित पत्नी लता (45) के साथ कबाड़े का काम करता था. दोनों शांति नगर झुग्गीबस्ती में रहते थे और कई साल से दंपति की तरह साथ में रहते थे. करीब 15 दिन पहले लता अचानक से कहीं चली गई थी. वह मंगलवार के दिन राम प्रसाद के पास लौटी थी. दोनों के बीच इस दौरान देर रात को विवाद हो गया. आरोप है कि इस झगड़े के दौरान राम प्रसाद ने लता के साथ हाथापाई शुरू कर दी. उसने गुस्से में लता को इतना पीटा की उसकी मौत हो गई.

आरोपी बिना घबराए बहुत देर तक लता के शव के पास बैठा भी रहा. बुधवार को पड़ोसियों ने इसकी सूचना हबीबगंज थाना पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी राम प्रसाद को हिरासत लिया है. मामले की जांच पुलिस कर रही है.

# नाबालिग के साथ युवक बेच रहा था गांजा

**भोपाल.** छोला मंदिर थाना पुलिस ने अवैध मादक मादर्थ बेचने वाले एक नाबलिग के साथ आरोपी युवक को पकड़ा गया. पुलिस ने आरोपियों के पास से 3.156 किलो अवैध गांजा बरामद किया है. पुलिस के मुताबिक सूचना मिली कि युवक एक नाबालिग के साथ भानपुर चौराहे पर एक बैग में अवैध गांजा लेकर खड़े थे. तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से बैग में रखा 3.156 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ.गिरफ्तार आरोपी की पहचान जहान (21) निवासी करोंद के रुप में हुई.

# नवनिर्वाचित पदाधिकारी आज लेंगे शपथ

## जिला कोर्ट परिसर में तैयारियां पूरी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 जुलाई. जिला अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी शुक्रवार को शपथ ग्रहण करेंगे. गुरुवार को देर रात तक शपथ ग्रहण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. बारिश के मौसम को देखते हुए कोर्ट परिसर के गेट नंबर 3 की तरफ टेंट लगाए गए हैं. मंच पर शपथ ग्रहण करने वाले पदाधिकारियों के बैठने की व्यवस्था बनाई गई है. टेंट में 700 से 800 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है.**



द्वि-वार्षिक चुनाव में देवेंद्रसिंह रावत बार एशोसिएशन के अध्यक्ष के तौर पर निर्वाचित हुए हैं. मीरा चरार उपाध्यक्ष (महिला), मुकेश नागपुरे- सचिव, प्रतीक जैन - पुस्तकालयाध्यक्ष, बारिज गुप्ता-सह सचिव और अनीता पराशर कोषाध्यक्ष पद के निर्वाचित हैं. इसके साथ ही वरिष्ठ पुरूष कार्यकारिणी सदस्य, वरिष्ठ महिला कार्यकारिणी सदस्य, कनिष्ठ पुरूष कार्यकारिणी सदस्य और कनिष्ठ महिला कार्यकारिणी के सदस्य शपथ ग्रहण करेंगे.

# स्कूल ऑफ लॉ, सेज यूनिवर्सिटी में हुआ पौधारोपण

**भोपाल, 23 जुलाई.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सचिव सुनीत अग्रवाल के नेतृत्व में पंच-ज अभियान के तहत स्कूल ऑफ लॉ सेज यूनिवर्सिटी में पौधरोपण एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर परिसर में 50 से अधिक पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया गया.जिला विधिक सहायता अधिकारी मोहम्मद जीलानी ने विद्यार्थियों को नि:शुल्क विधिक सहायता योजना की जानकारी दी.

# वकील को झांसे में लेकर उड़ाए खाते से 23 हजार

- सूखे मेवे खरीदने के नाम पर ठगी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 जुलाई. टीला जामलपुरा इलाके में साइबर जालसाजों ने एक वकील के साथ करीब 23 हजार रुपए की ठगी कर दी. .**

वकील संजय कुमार दुबे ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल में श्रीराम ड्राई फ्रूट्स नाम का लिंक दिखा. सामानों को देखकर उन्होंने खरीदने का मन बनाया. दुबे ने लिंक पर क्लिक कर शुरुआती बुकिंग की प्रक्रिया पूरी की. दो दिन बाद उनके पास एक अंजान नंबर से फोन आया. कॉलर ने दुबे को पहले एक बारकोड भेजकर 1150 रुपए ट्रांसफर करने को कहा. उसने चार दिन में सामान पहुंचाने का आश्वासन भी उन्हें दिया. इसके दो दिन बाद कॉलर ने दुबे को उनका गूगल पे एप्लिकेशन खोलने और निर्देशों का पालन करने के लिए राजी किया.कुछ देर बाद दुबे के बैंक खाते में जमा कुल 23,650 रुपये की अनधिकृत तरीके से कटौती हो गई.

# टीआई और आरक्षक को किया सस्पेंड

## महिला के साथ टीआई के अनैतिक संबंध का मामला

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 जुलाई. अरेरा हिल्स पुलिस थाने में टीआई पद पर रहे सुनील शर्मा पर गंभीर आरोप सामने आए हैं. एक युवक ने अपनी पत्नी के साथ उनके अनैतिक संबंधों की शिकायत की. इसके बाद पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने सुनील शर्मा को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया. इसी थाने में पदस्थ एक आरक्षक नंदकिशोर को भी सुनील शर्मा का साथ देने के आरोप के चलते सस्पेंड किया गया है.**




जानकारी के मुताबिक आरोप लगाने वाले युवक ने इस पूरे मामले के साक्ष्य भी पुलिस कमिश्नर को दिखाए. मामला सामने आने के बाद टीआई और आरक्षक को सस्पेंड किया गया है. पुलिस इस पूरे मामले की जांच भी अभी कर रही है.

दोनों ही पुलिसकर्मियों पर पद के दुरुपयोग और गंभीर व्यक्तिगत कदाचार के आरोप लगे हैं. आरक्षक नंदकिशोर की भूमिका को लेकर बताया जा रहा है कि सुनील शर्मा और महिला की इन गतिविधियों की पूरी जानकारी उन्हें थी. नंदकिशोर पर आरोप है कि उसने महिला पर दबाव बनाने की कोशिश भी की. अब दोनों के खिलाफ विभागीय जांच जारी है.

# बारिश में जर्जर मकान का छज्जा गिरा, एक घायल

**भोपाल, 23 जुलाई.** इब्राहिम पुरा क्षेत्र में कोतवाली के सामने बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक जर्जर मकान का छज्जा गिर गया. यह हादसा रात में हो रही तेज बारिश के कारण हुआ. इस घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया. यह मकान 90 साल पुराना बताया जाता है. घटना के समय मकान में महिलाओं और बच्चों सहित आधा दर्जन से अधिक लोग मौजूद थे. एक युवक छज्जे पर खड़ा था, जो छज्जा गिरने के साथ नीचे आ गिरा. घायल युवक को स्थानीय लोगों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया. गनीमत रही कि इस घटना में बड़ी जनहानि नहीं हुई.

# फांसी लगाकर युवक ने कर ली खुदकुशी

- पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 जुलाई. मिसरोद इलाके में एक 34 साल के युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. पुलिस को घटना स्थल पर सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ. पीएम कराने के बाद पुलिस ने परिजन को सौंप दिया. पुलिस खुदकुशी के कारणों की जांच कर रही है.**

जानकारी के मुताबिक सौम्या हेरीटेज में नीलेश शर्मा किराए के मकान में रहता था. वह एक अस्पताल में वाहन चालक था. बुधवार को सुबह उसने घर में फांसी लगाकर जान दे दी. परिजनों ने जब फंदे पर उसे लटकता देखा तो तुरंत ही उतारकर एम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने नीलेश को मृत घोषित कर दिया. परिजनों को भी नीलेश के इस कदम से गहरा आघात लगा है. उसके खुदकुशी करने का कारण भी फिलहाल सामने नहीं आ सका है. परिजनों के बयान के बाद पुलिस जांच को उसी एंगल से आगे बढाएगी.

**विरोध** कमला नेहरू अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड हटाने के खिलाफ धरना

# गैस पीड़ितों की सेहत के साथ खिलवाड़

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 23 जुलाई. वर्षो से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे भोपाल गैस पीड़ितों की जिंदगी और सेहत पर एक बार फिर गंभीर संकट मंडराने लगा है. कमला नेहरू अस्पताल से इमरजेंसी वार्ड और अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं को हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट करने की योजना का पीड़ितों ने कड़ा विरोध किया है.**



चार प्रमुख पीड़ित संगठनों के बैनर तले आयोजित इस धरने में पीड़ितों ने साफ कहा है कि मरीजों की सेहत के साथ किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.गैस पीड़ितों का कहना है कि यह निर्णय न केवल उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन है, बल्कि उनके स्वास्थ्य और जीवन के लिए बेहद खतरनाक भी है. इमरजेंसी वार्ड को हमीदिया अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग में शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है.जहां निरंतर विकिरण यानी रेडिएशन का गंभीर खतरा बना रहता है.पहले से ही कई तरह की गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को ऐसे रेडिएशन वाले इलाके में भेजना उनकी जान के साथ सीधा खिलवाड़ है.

### गैस पीड़ित संगठनों की प्रमुख मांगें

पीड़ितों ने सरकार और प्रशासन के समक्ष चार प्रमुख मांगें रखी हैं. इमरजेंसी वार्ड को स्थानांतरित करने का फैसला तुरंत रोका जाए और इसे पुरानी स्थिति में ही बहाल किया जाए. पीईटी सीटी केंद्र को गांधी मेडिकल कॉलेज में स्थापित किया जाए, जैसा कि शुरुआती टेंडर में तय किया गया था किसी भी प्रकार के सुरक्षा आकलन और एईआरबी की मंजूरी के बिना कमला नेहरू अस्पताल में किसी भी रेडियोधर्मी बंकर का निर्माण न कराया जाए.

### सुरक्षा मानकों और नियमों की अनदेखी

पीड़ितों का आरोप है कि इस स्थानांतरण से पहले मरीजों की सुरक्षा को लेकर कोई स्वतंत्र रेडियोलॉजिकल सुरक्षा जांच नहीं कराई गई है .परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के अनुसार मरीजों का वेटिंग एरिया ऐसी जगह पर नहीं बनाया जा सकता है. इसके बावजूद ठेकेदार और अस्पताल प्रशासन पीड़ितों को उस असुरक्षित माहौल में ढकेल रहे हैं .वहीं इस पूरे मामले का सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित निगरानी समिति ने भी संज्ञान लिया है और जिम्मेदार अधिकारियों को पत्र लिखकर कड़ा विरोध दर्ज कराया है.

# डीआईजी ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

## एलएनसीटी कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 जुलाई. डीआईजी और एसपी भोपाल ( ग्रामीण ) ने गुरुवार को विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई. 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के तहत एलएनसीटी कॉलेज के सभागार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**



उप पुलिस महानिरीक्षक राजेश कुमार चंदेल ने इस मौके पर कहा कि विद्यार्थियों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा इस जन-जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की. पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडे ने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्प्रभावों से अवगत कराया. जीकेएफ नशामुक्ति केंद्र द्वारा सौरभ दंडोतिया के निर्देशन में नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित माइम आर्ट व लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई. पअंत में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं, कॉलेज स्टाफ एवं पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई.कार्यक्रम में एसडीओपी बिलखिरिया अंतिम समाधिया, एसडीओपी ईटखेड़ी मंजू चौहान, एलएनसीटी कॉलेज के डीन अनिल गुप्ता, थाना प्रभारी उमेश चौहान आदि उपस्थित थे.